हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 13 अप्रैल 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



# Education Temples of DURG-BHILAI

जीवन एक पाठशाला है। जिसमें अनुभवों के आधार पर हम शिक्षा पाते हैं। शिक्षा का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। शिक्षा हमारी समृद्धि में आभूषण, विपत्ति में शरण स्थान और समस्त कालों में आनंद स्थान होती है। जीवन लक्ष्य की पूर्ती के लिए शिक्षा आवश्यक है। महान दार्शनिक एवं शिक्षाविद् डॉ. राधाकृष्णन भी मनुष्य को सही अर्थों में मनुष्य बनाने के लिए शिक्षा को सर्वाधिक आवश्यक मानते थे। उनके अनुसार- शिक्षा वह है, जो मनुष्य को ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ उसके ह्रदय एवं आत्मा का विकास करती है। शिक्षा व्यक्ति को स्वंय के विकास के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के विकास के लिए भी प्रेरित करती है। महामहीम सर्वपल्ली राधाकृष्णन के विचार से शिक्षा का माध्यम मातृभाषा में होना चाहिए क्योंकि विदेशी भाषा में भारतीय मौलिक चिंतन नही कर सकते।



शिक्षा के महत्व को परिलाक्षित करते हुए स्वामी विवेकानंद जी कहते हैं कि, जिस शिक्षा से हम अपना जीवन निर्माण कर सकें, मनुष्य बन सकें, चरित्र गठन कर सकें और विचारों का सामजस्य कर सकें यर्थाथ में यही वास्तविक शिक्षा होगी। स्वामी जी भारत में ऐसी शिक्षा चाहते थे, जिसमें उसके अपने आदशर्वाद के साथ पाश्चात्य कुशलता का सामंजस्य हो। उनका कहना था कि लोगों को आत्मनिर्भर बनना अति आवश्यक है वरना सारे संसार की दौलत से भी भारत के एक गाँव की सहायता नही की जा सकती। अत: नैतिक तथा बौद्धिक, दोनों ही प्रकार की शिक्षा प्रदान करना देश व समाज का पहला कार्य होना चाहिए।

ये कहना अतिश्योक्ति न होगी कि, आज जिस तरह का वातावरण चारो तरफ व्याप्त है ऐसे में ऐसी शिक्षा ही आवश्यक है जिससे बच्चों का चरित्र-निर्माण हो सके, उनकी मानसिक शक्ति बढे, बुद्धि विकसित हो और देश के युवक अपने पैरों पर खड़ा होना सीखें। भौतिकवादी स्वार्थपरक सोच के फैलते प्रभाव को कम करने के लिए आवश्यक है कि स्कुली शिक्षा के साथ-साथ नैतिक शिक्षा की भी नींव मजबूत की जाए।

सार्थक शिक्षा को आत्मसात करते हुए खुद से वादा करें कि जो शिक्षा मनुष्य को सही अर्थों में मनुष्य बना सके ऐसी मूल्यवान शिक्षा की अलख हम विपरीत वातावरण में भी जलाए रखेंगे।














• Dedicated & Compassionate Educators • Hands-On, Skill-Oriented Learning Approach
• Child-Focused Education Framework • Engaging Arts, Music, and Dance Programs
• Smart Online Classrooms • Versatile Play Zone For Pre-Primary Students • Computer Lab & Knowledge Center



तापमान

अधिकतम 38 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार, 13 अप्रैल 2025

16 अपने भक्ति बल पर भगवान श्रीकृष्ण को किया प्राप्तः ललित



17 भरी गर्मी में नहीं बुझ रही डेढ़ करोड़ के वाटर एटीएम से प्यास








## खबर संक्षेप

### दो युवकों की लाश मिली जांच में जुटी पुलिस

**भिलाई/अंडा।** दो अलगअलग लाश मिलने से सनसनी फैल गई। ग्राम महमरा कैफेट एरिया के सामने शिवनाथ नदी पुल के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। जिसकी उम्र 38-40 साल का है। हुलिया शरीर सामान्य , बाल छोटा काला चेहरा, शरीर में फीका गाजरी कलर का शर्ट एवं पूरा पेंट पहना,काला बनियान इलास्टिक वाला पीला लाल अंडरवियर पहना हुआ। बाएं हाथ की अंगुली में बाजारू अंगूठी, कमर में बेल्ट पहना हुआ। उसके गर्दन में तुलसी माला, दाहिने भुजा गोदना माँ, बाये भुजा अंग्रेजी में एसपी लिखा टैटू बना हुआ है। वहीं दूसरी घटना जामुल थाना क्षेत्र का है। जहां तांदुला नहर में बहते एक युवक की लाश पुलिस को मिली है। जो ग्रे रंग का शर्ट पहना हुआ है। जेब में कुछ रुपए भी मिले है। साथ में एक मंचन की डिब्बी भी मिली है। शव को शिनाख्त के लिए मरचूरी में रखवा दिया गया है। अवस्था में मिली है।

### मोबाइल छिनकर भागने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** मोबाइल छिनकर फरार होने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 304, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि रामजानकी मंदिर राम नगर निवासी सुभाषणी सागर ने शिकायत किया था कि 25 मार्च की रात मेडिकल स्टोस से काम कर पैदल अपने घर जा रही थी। अचानक बाइक सवार तीन युवक पहुंचे और मोबाइल छिनकर फरार हो गए। तीनों घटना को अंजाम देकर आजाद चौक की ओर भाग निकले। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक संदेही मोबाइल बेचने की फिराक में दच्छु बाड़ी के पास घुम रहा था। युवक ने अपना नाम शास्त्री नगर छावनी निवासी मंगल सिंह, सुरज साहू , हरप्रीत सिंह उर्फ वंश बताया है।

### गोदाम से सामान पार

**भिलाई।** गोदाम के भीतर घुसकर ताला तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि शिव मंदिर के पास तालाब ग्राम छोटे औरी निवासी रविन्द्र चंद्राकर किसान है। ग्राम करसा रोड में 4 एकड खेती जमीन है। जहां पर फीड गोदाम बना हुआ है। इस गोदाम से 45 हजार रुपए का सामान पार कर दिया गया। घटना 10 अप्रैल की रात की है।

### विद्युत वितरण कंपनी चला रही है दोहरा मापदंड

# बिल नहीं पटाने पर सीबीएसई ने काटी 27,516 लोगों की बिजली, सरकारी दफ्तरों के 273 करोड़ बकाया पर चुप्पी

देवीलाल साहू ▶▶ भिलाई

राज्य विद्युत वितरण कंपनी का बिजली उपभोक्ताओं को लेकर दोहरा मापदंड चल रहा है। एक तरफ कंपनी आम उपभोक्ताओं के 2 हजार रुपए का बकाया होने पर उनके घरों की बिजली काट रही है तो दूसरी तरफ सरकारी विभागों का करोड़ों रुपए बकाया है। उसके बावजूद सालों तक कार्रवाई नहीं करती। कंपनी ने जनवरी से मार्च 2026 तक दुर्ग ग्रामीण और शहर क्षेत्र के 27 हजार 516 उपभोक्ताओं के घरों की बिजली काटी है जबकि इस जिले के सरकारी विभागों के 273. 26 करोड़ रुपए बिजली का बिल है। जिसे जमा नहीं किया गया है।



#### स्वास्थ्य विभाग का सबसे ज्यादा बकाया 7.64 करोड़

बिजली बिल भुगतान नहीं करने के मामले में जिला स्वास्थ्य विभाग अव्वल है। इस विभाग का सबसे ज्यादा 7.64 करोड़ रुपए का बिल बाकी है। जिसमें दुर्ग जिला अस्पताल , सिविल अस्पताल सुपेला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र शामिल है। सीएमएचओ दफ्तर से स्वास्थ्य विभाग के चल रहे कार्यालय तक का बिजली बिल नहीं जमा किए गए हैं।

#### निगम व निकायों का बिल बढ़कर हुआ 234.76 करोड़

बिजली खपत के मामले में जिले के चार नगर निगम, नगरपालिका परिषद और नगर पंचायत सबसे ज्यादा बिजली खपत कर रहे हैं। इसलिए इन निकायों द्वारा सड़क बत्ती जलाई जा रही है। 66 व 77 एमएलडी के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट हैं जिसके माध्यम से बड़ी क्षमता की पानी टंकिया भरी जाती है। इन पानी टंकियों के माध्यम से लोगों के घरों तक पेयजल पहुंचता है। सड़क को रोशन करने स्ट्रीट लाइटें जलाई जा रही है। दुर्ग जिले के इन निकायों का बिजली बिल हर साल बढ़ता ही जा रहा है। दुर्ग, भिलाई, रिसाली व भिलाई तीन चरोदा नगर निगम, जामुल, अहिवारा, अमलेश्वर व धमधा नगरपालिका परिषद समेत निकायों का बिजली बिल 234.76 करोड़ रुपए तक जा पहुंचा है। पहले सरकार पर इनकी निर्भरता थी अब उसे भी समाप्त कर दिया गया है।

#### घरेलू उपभोक्ताओं से 25.96 करोड़ रुपए की बकाया वसूली



विद्युत वितरण कंपनी ने आम घरेलू उपभोक्ताओं का बिजली बिल नहीं पटाने पर उनके घरों की बिजली काटने और वसूली करने घरों में पहुंची। जनवरी से मार्च 2026 तक 27 हजार 516 उपभोक्ताओं के घरों की बिजली काटी है। 46 हजार 681 उपभोक्ताओं से 25 करोड़ 96 लाख 73 हजार रुपए की बकाया वसूली भी की।

#### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का 3.83 करोड़

विद्युत वितरण कंपनी ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का 3.83 करोड़ रुपए का बिजली बिल बनाया है। इस विभाग का अहिवारा का 240.91 लाख रुपए का बिल बकाया है। पाटन का 142.59 लाख और नगर दुर्ग संभाग का 0.56 लाख रुपए का बिल बकाया है। इस विभाग के दफ्तरों का बिल बढ़ता ही जा रहा है।

#### पुलिस विभाग ने नहीं दिए 77.71 लाख रुपए

जिला पुलिस विभाग के विभिन थाने और दफ्तर चल रहे हैं। पुलिस विभाग ने भी इनका बिजली बिल भुगतान नहीं किया है। दुर्ग जिला पुलिस विभाग का 77.71 लाख रुपए का बिल बकाया है। दुर्ग 33.67 लाख रुपए, दुर्ग नगर संभाग के अंतर्गत 24.14 लाख रुपए,भिलाई पूर्व 4.66 लाख रुपए,अहिवारा 8.54 लाख , पाटन 8.01 लाख रुपए का बिजली बिल बकाया है।

#### शिक्षा विभाग ने जलाए 64.30 लाख रुपए की बिजली

शिक्षा का अलख जगाने वाले विभाग ने भी बिजली से अपने दफ्तरों को रोशन कर रही है लेकिन बिल भुगतान के मामले में अंधेरे की स्थिति में है। शिक्षा विभाग ने विद्युत वितरण कंपनी को 64.30 लाख रुपए का बिजली बिल नहीं दिया है। नगर संभाग दुर्ग का 3.36 लाख रुपए का बिल बकाया है। भिलाई पश्चिम का 2.90 लाख, अहिवारा का 1.98 व दुर्ग का 5.12 लाख रुपए का बकाया है।

#### पंचायतों का बिजली बिल 22.22 करोड़ पहुंचा

दुर्ग जिले में 297 ग्राम पंचायत हैं। इन ग्राम पंचायतों द्वारा अपने अपने अधीनस्थ गांवों को पानी देने के नल जल योजना चलाई जा रही है। नलों में पानी पहुंचाने के लिए पानी टंकियां मोटर पंप से भरी जाती है। मुहल्लों व सड़कों को रोशन करने के लिए स्ट्रीट लाइटें जलाई जा रही है। ग्राम पंचायतों का बिजली बिल भी जमा नहीं करने से बढ़ता ही जा रहा है। दुर्ग जिले के इन ग्राम पंचायतों का बिजली बिल बकाया 22.22 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है।

| विभाग | | बकाया बिजली बिल |
|---|---|---|
| निगम, पालिका व नगरीय निकाय | - | 234.76 करोड़ रुपए |
| पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग | - | 22.22 करोड़ रुपए |
| पशुपालन व पशु चिकित्सा | - | 30.20 लाख रुपए |
| स्वास्थ्य विभाग | - | 764 लाख रुपए |
| लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी | - | 383.75 लाख रुपए |
| न्यायालय | - | 134 लाख रुपए |
| राजस्व | - | 29.13 लाख रुपए |
| पुलिस | - | 77.71 लाख रुपए |
| शिक्षा | - | 64.30 लाख रुपए |
| लोक निर्माण विभाग | - | 52.43 लाख रुपए |
| महिला एवं बाल विकास | - | 16.33 लाख रुपए |
| छग गृह निर्माण मंडल | - | 60.42 लाख रुपए |
| वन विभाग | - | 14.86 लाख रुपए |
| कुल बकाया राशि | - | 27326 लाख रुपए |

#### सरकार के निर्देश का इंतजार

"निकायों व पंचायतों का बिजली बिल बकाया ज्यादा है लेकिन इनके द्वारा लोगों को सड़क बत्ती, पेयजल जैसी अनिवार्य सेवाएं दी जा रही है। इसलिए हम बिजली नहीं काट सकते। अन्य विभाग भी इसी तरह हैं। हम विभाग के बकाया की जानकारी राज्य को भेज देते हैं। वहां से जो निर्देश मिलता है वैसे करते हैं। आम उपभोक्ताओं का सीधा नियंत्रण हैं। इसलिए ज्यादा बकाया होने पर ही बिजली काटने की कार्रवाई करते हैं। - **आरके खंडेलवाल,** मुख्य अभियंता विद्युत वितरण कंपनी दुर्ग

## भिलाई और रिसाली के लोगों को दो दिन नहीं मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- फिल्टर प्लांट के पाईप लाइन का होगा संधारण

नगर पालिक निगम भिलाई के शिवनाथ इंटेकवेल में रॉ-वाटर जलशोधन संयंत्र में प्राप्त किया जाता है। शिवनाथ इंटेकवेल से जलशोधन संयंत्र में 1000 एम.एम. डाया का पाईप बिछा हुआ है। उक्त पाईप लाईन गंज मंडी गंजपारा के सामने लिकेज हो गया है। जिसका संधारण किया जाना है। संधारण दिनांक 15 अप्रैल को किया जाएगा। संधारण किए जाने के लिए शिवनाथ इंटेकवेल से जलप्रदाय पूर्णतः बंद रहेगा, जिसके कारण नगर निगम भिलाई एवं नगर निगम रिसाली क्षेत्र में दिनांक 16 अप्रैल को जलप्रदाय पूर्णतः बाधित रहेगा। 17 अप्रैल को आंशिक जलप्रदाय बाधित रहेगा।

#### टैंकर से देंगे पानी

भिलाई व रिसाली निगम ने लोगों तक पानी पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था टैंकर की है। सभी क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से जलप्रदाय किया जाएगा। रिसाली के 40 वार्डों में और भिलाई निगम क्षेत्र के 70 वार्डों में 66 व 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट से पानी दिया जाता है। इसी दोनों फिल्टर प्लांट से रिसाली निगम के लोगों को भी पानी दिया जाता है। इसलिए जब भी संधारण कार्य होता है या कोई दिक्कत होती है तो रिसाली निगम के लोग भी प्रभावित होते हैं।

### इधर..... पानी की हो रही बर्बादी




यह तस्वीर सेक्टर 9 हनुमान मंदिर के पास की है। यहां मुख्य पाइप लाइन लिकेज हो गया है। जिसकी वजह से हजारों गैलन पानी व्यर्थ में बह रहा है। गर्मी के दिनों में ऐसे ही पानी की किल्लत से टाउनशिपवासी जूझ रहे हैं। प्रबंधन एक समय ही पेयजल आपूर्ति कर रहा है और दूसरी ओर इस तरह लापरवाही बरती जा रही है।

## रेलवे ट्रैक पर मिली महिला की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

रेलवे ट्रैक पर 50 वर्षीय महिला की लाश मली है। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर उसे मरचूरी में रखवा कर परिजनों की तलाश में जुटी हुई है। सुपेला पुलिस ने बताया कि रेलवे टैक पोल नंबर 862/2 मध्य डाउन लाईन में 11 अप्रैल को मिली है। शव को देख एक्सीडेंट लग रहा है। महिला का हुलिया चेहरा लंबा, सिर के बाल आदे सफेद पके हुए। शरीर में फुल बांह का नीली छिंटदार ब्लाउज, कमर में नीले रंग का फुल लोवर पहनी हुई है। जो दुर्ग लिंक केबिन से भिलाई नगर के मध्य डाउन लाइन रेल एक्सीडेंट से मृत महिला पाई गई।

## ट्रेडिंग का झांसा देकर 29.71 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- पुलगांव थाना क्षेत्र की घटना, साइबर टीम जुटी जांच में

क्रिप्टो ट्रेडिंग का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 318,3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि ग्राम बिरेझर बस्तीपारा निवासी मनोरंजन प्रसाद सिंह को 15 से 25 मार्च तक अज्ञात मोबाईल धारक ने फोन कर आनलाईन काम करने का झांसा देकर क्रिप्टो ट्रेडिंग नाम से टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया। उसके बाद ट्रेडिंग के नाम पर राशि जीतने का लालच दिखाया गया। विभिन्न स्लैबों में रकम लगवाकर जीती हुई रकम को वापस न देकर झांसा देकर पीड़ित से 29 लाख 71 हजार 710 रूपये का ठगी किया गया है। उक्त रकम को विभन्नि बैंक खातों, यूपीआई में जमा करवा कर ठगी किया है। पीड़ित को अज्ञात ने टेलीग्राम ऐप्स डाउनलोड करने को कहा गया। इसके बाद एक-एक करके तीन लोगों से पीड़ित जोड़ गया। जिसमें आयशा इजाबेल, अदिति सिंह, निशा अली है। उक्त कार्य के लिए ग्रुप के लोगों से रुपये तीन हजार यूपीआई के माध्यम से जमा कराया। कार्य पूर्ण होने पर नियम कायदों के मुताबिक दूसरा कार्य दिया गया। जिसके लिए 4400 रुपए जमा करने का झांसा दिया।

## हाईकोर्ट ने राज्य शासन से मांगा जवाब, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- ग्राम पंचायत पंच देवरी कुम्हारी का मामला



#### चार सप्ताह में देना होगा जवाब

अनुविभागीय अधिकारी ने 12 मार्च को पारित आदेश से परेशान होकर उक्त याचिका दायर किया। याचिकर्ता के अधिवक्ता द्वारा उच्च न्यायलय की एकल पीठ के समक्ष आगे तर्क रखते हुए कहा गया की अनुविभागीय अधिकारी द्वारा पारित आदेश विधि सम्मत ना होने एवं तत्कालीन सरपंच के विरुद्ध घोर अनियमितता एवं सगे-सम्बन्धी को नौकरी दिए जाने सम्बंधित साक्ष्य पाए जाने पर भी पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 के अंतर्गत विगत 06 वर्ष के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित कर नहीं हटाया गया। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा पारित आदेश 12 मार्च को निरस्त किये जाने योग्य है। जिस पर उच्च न्यायलय की एकल पीठ के न्यायाधीश ए.के.प्रसाद. द्वारा याचिकर्ता के अधिवक्ता द्वारा तर्क को सुनते हुए राज्य शासन एवं अन्य को नोटिस जारी कर विगत चार सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने को कहा गया है।

अनुविभागीय अधिकारी भिलाई तीन द्वारा पारित आदेश के सवाल पर हाईकोर्ट ने शासन और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत पंचदेवरी निवासी अरुण कुमार लहरे के द्वारा ग्राम पंचायत पंचदेवरी के तत्कालीन सरपंच संतकुमारी सोन के विरुद्ध अपने अधिवक्ता रोहित शर्मा के माध्यम से उच्च न्यायलय बिलासपुर के समक्ष याचिका दायर किया था। सुनवाई उच्च न्यायलय के एकल के पीठ न्यायधीश एके प्रसाद के न्यायालय में हुई।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने उच्च न्यायलय की एकल पीठ के समक्ष अपना तर्क रखते हुए कहा किया याचिकाकर्ता द्वारा सुचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत ग्राम पंचायत पंचदेवरी में हुए। विभिन्न कार्य एवं नियुक्ति को लेकर जानकारी एकत्रित की। जिस पर याचिकाकर्ता द्वारा ग्राम पंचायत रजिस्टर, नगद बही, मस्टर रोल प्राप्त कर ग्राम पंचायत में हुई घोर अनियमितता, तत्कालीन सरपंच द्वारा अपने करीबी को नियुक्ति देने जैसे तथ्य पाए गए। याचिकाकर्ता द्वारा तत्कालीन सरपंच के विरुद्ध अनुविभागीय अधिकारी भिलाई 3,के समक्ष आवेदन पत्र धारा-40 सहपठित धारा-92 छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 प्रस्तुत किया गया था। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायात धमधा जिला दुर्ग को 7 कार्य दिवस के भीतर संबंधित प्रकरण में लगाए गए आरोपों पर जाँच कर प्रतिवेदन पेश करने का निर्देशित किया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायात धमधा द्वारा आवेदन पत्र पर वर्णित आरोपों की जाँच करने पर उक्त आरोप को सही पाया गया। अनुविभागीय अधिकारी भिलाई 3 जिला दुर्ग द्वारा तत्कालीन सरपंच को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए संबंधित आरोपों समेत सरपंच पद पर बने रहना लोकहित में अवांछनीय बताया गया। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा तत्कालीन सरपंच को अपना पक्ष रखने के लिए निर्देशित किया था। जिस पर तत्कालीन सरपंच द्वारा यह तर्क प्रस्तुत किया गया की चूंकि तत्कालीन सरपंच का कार्यकाल समाप्त हो चूका है। नए सरपंच का निर्वाचन संपन्न हो गया है। उक्त आवेदन अंतर्गत धारा-40 सहपठित धारा-92 छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की कार्यवाही को समाप्त कर दिया जाए।

### 50 मीटर दायरे में आते ही सिस्टम होगा एक्टिव

# 176 सरकारी अस्पतालों में अब आधार सिस्टम से होगी हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

जिले के 176 सरकारी अस्पतालों में अब आधार आधारित सिस्टम से उपस्थिति दर्ज की जाएगी। डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों की लेटलतीफी और हाजिरी लगाकर गायब हो जाने पर रोक लगाने के लिए यह नया सिस्टम लागू किया जा रहा है। इस सिस्टम से हाजिरी के लिए अब सिविल अस्पताल सुपेला सहित सभी स्वास्थ्य कर्मियों को अपने स्मार्ट मोबाइल फोन में एप डाउनलोड करना अनिवार्य कर दिया गया है। खास बात यह है कि इस सिस्टम में जिस अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मी या डॉक्टर पहुंचेगा उस संस्थान के 50 मीटर दायरे में आते ही यह एक्टिवेट हो जाएगा।

### सिविल अस्पताल सुपेला सहित जिले के सभी स्वास्थ्य कर्मियों को एप लोड करना अनिवार्य




#### सिविल अस्पताल सुपेला सहित इन अस्पतालों में सिस्टम

आधार आधारित उपस्थिति सिस्टम जिला अस्पताल दुर्ग में चल रहा है। नए निर्देश के बाद सिविल अस्पताल सुपेला, भिलाई व दुर्ग के 9 शहरी स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिसाली, निकुम, पाटन, झीट, धमधा, भिलाई तीन सहित 9 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में इस सिस्टम से हाजिरी ली जाएगी। 30 प्राथमिक और 128 उप स्वास्थ्य केंद्रों के कर्मियों के लिए भी यही सिस्टम लागू की जा रही है।

#### 50 मीटर दायरे में आते ही उपस्थिति दर्ज

आधार आधारित हाजिरी सिस्टम स्वास्थ्य कर्मी के मोबाइल में एप के माध्यम से डाउनलोड करना है। एनआईसी ने यह एप तैयार किया है। इस एप की खासियत यह है कि जब स्वास्थ्य कर्मी अपने कार्य स्थल यानी अस्पताल परिसर में पहुंचेगा तो 50 मीटर के दायरे में आते ही यह एक्टिवेट हो जाएगा। मैप के माध्यम से स्थल दिखेगा। जिस पर स्वास्थ्य कर्मी को अपनी हाजिरी दर्ज करना है। कर्मी किस समय पर अस्पताल पहुंचा यह समय भी हाजिरी लगाते ही दर्ज हो जाएगा।

#### इसलिए पड़ी जरूरत

पिछले दिनों कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिला अस्पताल, धमधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी अपने ड्यूटी समय में गैर हाजिर मिले थे। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने भी जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला, चंदूलाल मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया था। इस दौरान डॉक्टरों व कर्मचारियों के समय पर नहीं आने और गायब रहने की भी शिकायतें की गई थी। इसलिए स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए इस सिस्टम को सभी सरकारी अस्पताल में लगाने की जरूरत पड़ी।

हरिभूमि **लाइव**
रायपुर, रविवार 13 अप्रैल 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



## लाइव इवेंट

# 70 साल के भिलाई के विकास की गाथा 40 मिनट में नाटक के जरिए करेंगे प्रदर्शित



**भिलाई।** विवाहित महिलाओं का ग्रुप स्वयंसिद्धा आज अपना 15वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। स्वयंसिद्धा और बीएसपी के ऑफिसर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्वयंसिद्धा सम्मान पूरे छत्तीसगढ़ से कला, साहित्य, शिक्षा, समाज सेवा और देश प्रेमी को आज दिया जायेगा। इस पूरे आयोजन का मुख्य आकर्षण भिलाई के इतिहास और विकास पर महिलाओं की भूमिका पर आधारित लाइट एंड साउंड शो रहेगा। जिसमें अन्य प्रदेशों से बहु बनकर भिलाई आई महिलाओं के साथ सामंजस्य बैठाते हुए भिलाई को लघु भारत बनाने की कहानी दर्शाइ जाएगी। रविवार को कला मंदिर सिविक सेंटर में शाम 6 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इस दौरान कला, साहित्य, शिक्षा, समाज सेवा,देशप्रेम क्षेत्र से छत्तीसगढ़ की पांच महिला विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। जिसमें कला साधना ढांड रायपुर, साहित्य डॉ.जयभारती चंद्राकर, शिक्षा डॉ. शिशिरकणा भट्टाचार्य दुर्ग, राजकुमारी कांगे बघमार समाज सेवा व योगेश्वरी साहू कोड़यिा को को स्वयंसिद्धा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।



### रोज हो रही प्रेक्टिस

लघु भारत कहे जाने वाले भिलाई के इतिहास एवं भिलाई के विकास में महिलाओं की भूमिका और भिलाई इस्पात संयंत्र की पहली महिला अधिकारियों व कर्मचारियों के योगदान पर डॉ सोनाली चक्रवर्ती दवरा लिखित व निर्देशित लाइट एंड साउंड शो की प्रस्तुति दी जायेगी। जो लोगो के आकर्षण का केंद्र रहेगी। जिसमें समूह की 51 महिलाएं एक साथ एक मंच पर प्रस्तुति देंगी। आयोजन के लिए सभी सदस्याएं डेली प्रेक्टिस कर रही है। भिलाई की बहू का मंचन में भिलाई के विकास एवं लघु भारत के निर्माण में महिलाओं के योगदान को दर्शाया जाएगा। इस दौरान बेटियां अपनी मां के नाम से सम्मान प्रदान करेंगी।



## सिटी इवेंट

# अंबेडकर जयंती पर रंगोली और ड्राइंग प्रतियोगिता आज, कल प्रतिभावान होंगे सम्मानित

**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की सार्वजनिक जयंती 13 एवं 14 अप्रैल को मनाई जाएगी। 13 अप्रैल को दोपहर 1 बजे महिलाओं द्वारा रंगोली और ड्राइंग, पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता होगी। मंचीय कार्यक्रम शाम 6 बजे अतिथियों का स्वागत, सत्कार और उद्बोधन होगा। इसमें कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एचआर कुटारे, विशिष्ट अतिथि



द्वारका प्रसाद साहू, एसके केसकर, सुदर्शन ठाकुर, डॉ. उदय धाबर्डे, डॉ. एचडी बेनर्जी, अजय गणवीर, पी जोशवा, अध्यक्षता सविता मेश्राम, आभार प्रदर्शन विनोद वासनिक और मंच संचालन रामराव ढोक करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संभू सिंह होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मंजीत मेहरा अंतर्राष्ट्रीय संगीत सम्राट रोहतक एवं कलाकार साथियों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। 14 अप्रैल की सुबह 9 बजे सामूहिक वंदना के बाद सुबह 10 बजे से सार्वजनिक रैली डॉ. अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 भिलाई से प्रारंभ होकर मस्जिद रोड, सुपेला अंडरब्रिज, जीई रोड घड़ी चौक होते हुए पावरहाउस चौक में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सेक्टर 1 पार्क में रैली का समापन होगा। शाम को महिलाओं और बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। शाम को आयोजित कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल सांसद, विधायक देवेंद्र यादव, डॉ. संजय बालवांद्रे, अजय गजघाटे, सुधीर रामटेके, सविता मेश्राम प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष विनोद वासनिक, मंच संचालन महासचिव रामराव ढोक करेंगे। इस दौरान जिन महिला, बच्चों ने रंगोली, ड्राइंग पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिताओं ने भाग लेकर स्थान प्राप्त किया, उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष कृष्णा बंसोडकर, देवानन्द मेश्राम, सचिव धरमपाल गजभिये, अशोक श्यामकुंवर, कोषाध्यक्ष भागवत बागडे, उप कोषाध्यक्ष अशोक नंदेश्वर, लेखापाल प्रदीप सोमकुंवर, सह सचिव कीर्ति लांजेवार, अजय अडकने, प्रचार प्रभारी ठानेन्द्र कामडे, कार्यकारिणी सदस्य बसंत नंदेश्वर आदि मौजूद रहेंगे।

## ट्विनसिटी में रही हनुमान जयंती की धूम, शोभायात्रा के साथ भोग भंडारा का हुआ आयोजन

# तुम रक्षक काहू को डरना... सुबह 4 बजे मंदिर के खुले पट, देर रात तक लगी रही है लंबी कतारें, मारुती नंदन का हुआ अभिषेक व श्रृंगार, महाभंडारे में लगी भीड़

ट्विनसिटी में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव पूरे आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हनुमान के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। मंगलवार को हनुमान का दिन कहे जाने से मंदिरों में सुबह से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड के पाठ व हनुमान भजनों की धुन में नाच-गाकर श्रद्धालुओं ने जन्मोत्सव की खुशियां मनाई। इस अवसर पर दशहरा मैदान शांति नगर भिलाई में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय उपस्थित रहीं जहां उन्होंने हनुमान जी की विधि-विधान से पूजा कर भंडारे में प्रसाद का वितरण किया।

**भिलाई।** हनुमान जन्मोत्सव पर शहर के सबसे प्रसिद्ध सेक्टर 9 के हनुमान मंदिर, हनुमानगढ़ी मंदिर रामनगर, बंम्लेश्वरी मंदिर सेक्टर 6, राधिका नगर, सुपेला, ब्राम्हण पारा दुर्ग स्थित हनुमान मंदिर, राम दरबार अग्रसेन चौक, लंगूरवीर मंदिर शनिचरी मार्केट, बस स्टैंड दुर्ग के मंदिरों सहित सभी मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ जुटी। श्रद्धालु श्रीराम व हनुमान के भक्ति गीत-संगीत में रमे रहे। सभी स्थानों में दोपहर बाद भगवान को भोग लगाकर महाप्रसादी (भंडारा) का वितरण किया गया। प्रसाद ग्रहण करने श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रही। इस दौरान विधायक देवेंद्र यादव में पूजा पाठ कर महाभंडारे में भोग वितरण किया तो वहीं पार्षद दया सिंह ने 201 किलो लड्डू का भोग लगाकर प्रसादी बांटा।



### 11 ब्राम्हणों का भोज कर महाभंडारे की हुई शुरुआत

सेक्टर 9 हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी पं सूर्यकांत तिवारी (हनु महाराज) ने बताया कि मंदिर में हर साल हनुमान जी का जन्मोंत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसी कड़ी में इस बार भी आयोजन में इस वर्ष भी धूमधाम से मनाई गई। हनुमान जयंती के अवसर पर तड़के 4 बजे से मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए। इस दौरान सुबह हनुमान जी की स्वयं भू प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक के पश्चात सिंदूर लेप और चमचमाती पोशाक एवं सोने चांदी के आभूषणों से श्रृंगार किया गया।। उसके बाद विधि-विधान से वेदी पूजन के बाद हवन किया गया। जिसके बाद भगवान के समक्ष 56 भोग का प्रसाद अर्पित किया गया। हनु महाराज ने बताया कि दोपहर 12 बजे सबसे पहले 11 ब्राम्हणों को भोज कराया गया और उसके बाद सभी श्रदालुओं को महाभंडारे का भोग वितरित किया गया। मंदिर में जयंती उत्सव की तैयारी कुछ दिनों पूर्व ही शुरू हो चुकी थी।

### फूलों और लाइटिंग से सजे रहे सभी हनुमान मंदिर

ट्विनसिटी के सभी हनुमान मंदिरों में जयंती से पूर्व ही रंग-रोगन कर दीवारों पर लाइटिंग और आर्टिफीशियल फूलों से सजावट की जा चुकी थी और शनिवार को हनुमान मंदिर को ताजे फूलों से मंदिर प्रांगण को सजाया गया था। सभी मंदिरों मे तड़के 4.30 बजे मंदिर के पट खोले गए, जिसके पश्चात अखंड रामचरित मानस पाठ की शुरुआत भी की गई थी। अनेक स्थानों में सुबह 8 बजे मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई।

### अखंड रामायण का हुआ पाठ

हनुमान गढ़ी मंदिर राम नगर शुकंतला विद्यालय के पास में इस वर्ष भी हनुमान जयंती पर भव्य आयोजन किया गया था। पं राघवेंद्र पांडेय ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद से इस पर्व को पर मंदिर में अब काफी धूम रहने लगी है। हनुमान जयंती के अवसर पर एक दिन पहले शुक्रवार से ही अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया था जिसका विश्राम शनिवार को रामायण जी की आरती कर किया गया। शनिवार को सुबह हनुमान का अभिषेक किया गया। जिसके बाद महाभंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।



### प्राचीन हनुमान मंदिर में ललित चंद्राकर ने की पूजा अर्चना



हनुमान जयंती के पावन अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने धमतरी जिले में स्थित अपने गृह ग्राम दोनर के बजरंग चौक स्थित कुल देवता, प्राचीन हनुमान मंदिर में सह परिवार सम्मिलित होकर सुखदायक और शोकनाशक श्रीहनुमत महाप्रभु की विधि विधान से पूजा आराधना की। खिचड़ी, खीर पूड़ी प्रसाद का वितरण किया। ललित चंद्राकर ने कहा कि पवनपुत्र हनुमान का जीवन हमें अटूट भक्ति, अदम्य साहस और निस्वार्थ सेवा की प्रेरणा देता है। यह पर्व हमें बुराइयों के विरुद्ध खड़े होने, धर्म और सत्य के मार्ग पर अडिग रहने का संदेश देता है। उन्होंने कामना की कि हनुमान जयंती का यह पर्व सभी के लिए मंगलकारी सिद्ध हो और समाज में सद्भाव, समर्पण और शक्ति का संचार करें।

### सांसद विजय बघेल ने मंदिरों में पहुंचकर क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए कामना की

हनुमान जयंती के अवसर पर दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने भी विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर विधिवत पूजा की, धार्मिक अनुष्ठान में हिस्सा लिया तथा क्षेत्र के खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना। सांसद विजय बघेल अपने निवास के समीप स्थित श्री हनुमान मंदिर में पहुंचे और वहां पूजा अर्चना की। वहां उन्होंने 21 किलो लड्डू चढ़ाया। जिसके बाद सांसद श्री बघेल ने श्री भद्रेश्वर महाकाल शिव मंदिर सेक्टर 5, रेल नगर ओम क्लब दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, बजरंग दल रेल नगर हनुमान मंदिर तथा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर बस स्टैंड चरोदा और दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर कुम्हारी के साथ भिलाई-दुर्ग के कई मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना की।



### सुबह 4 बजे विधायक देवेंद्र पहुंचे सेक्टर 9 हनुमान मंदिर, भक्तों को बांटी महाप्रसादी

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव सुबह 4 बजे सेक्टर 9 हनुमान मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने सबसे पहले विधि विधान के साथ पूजा आरती की। उसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया और श्रीफल के साथ श्रद्धा के पुष्प अर्पित करते हुए पूरे भिलाई वासियों के हित और विकास,सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की हाथ जोड़कर प्रार्थना की। हनुमान के जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में हजारों भक्तों की भीड़ लगी रही। विधायक विभिन्न वार्डो में आयोजित कार्यक्रम में पूजा आरती में शामिल हुए और अन्य भक्तों के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। जय हनुमान सेवा वाहिनी द्वारा मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे कार्यक्रम में शामिल हुए। जहाँ उन्होंने महाप्रसाद वितरण किए। साथ ही खुद भी महा प्रसादी ग्रहण की। भक्तों की सेवा के साथ श्री यादव सभी को हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। इसके बाद भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव हर साल की तरह इस साल भी कैंप,रिसाली,खुर्सीपार सहित टाउनशिप के विभिन्न मंदिरों में पहुंचे। जहां उन्होंने हनुमान जी की पूजा अर्चना में शामिल हुए।



### वार्ड 33 संतोषी पारा में पूजन



वार्ड 33 संतोषी पारा कैंपेश्वर बैजनाथ धाम मंदिर में हनुमान जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में हनुमान जी की पूजा पाठ और हवन किया गया और वार्ड की खुशहाली की कामना की गई जिसमें मुख्य रूप से जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह, वार्ड 33 पार्षद शैलजा राजू सहित सभी मोहल्ले वासी शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या देवी साय ने प्रसाद वितरण किया



### दया सिंह पहुंचे हनुमान मंदिर



बोल बम समिति के प्रदेश अध्यक्ष भिलाई नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह सेक्टर 9 हनुमान मंदिर पहुंचे। जहाँ उन्होंने संकट मोचन प्रभु राम के भक्त हनुमान जी की विधि विधान से पूजा अर्चना की। हनुमान मंदिर में 201 किलो लड्डू का भोग प्रसाद चढ़ाया।

## वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन के साथ विंदू दारा सिंह पहुंचे सेक्टर-9 हनुमान मंदिर

# पिता ने मुझे सिखाया यदि हनुमान का किरदार करना है तो सात्विक जीवन जीना पड़ेगा, पिछले पैंतीस सालों से कर रहा हूं पालनः विंदू

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** रामायण फिल्म में हनुमान का किरदार करने के बाद पूरे देश में चर्चा में आए फिल्मी कलाकार दारा सिंह के बेटे विंदू दारा सिंह शनिवार की रात करीब 7.45 बजे सेक्टर-9 स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे। जहां उनकी एक झलक पाने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ी। सबसे पहले वे मंदिर की महाआरती में शामिल हुए। बाद उन्होंने बनाए गए मंच में भगवान हनुमान का अभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने पब्लिक के सामने अपनी बात रखते हुए कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे इस मिनी इंडिया के नाम से पहचाने वाले शहर भिलाई में आने का मौका मिला, जहां हर धर्म, संप्रदाय के लोग आपसी भाईचारे के साथ रहते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे पिता दारा सिंह ने हनुमान का किरदार निभाया था, उनके आशीर्वाद से मुझे भी भगवान हनुमान का किरदार निभाने का मौका मिला। उनके पिता ने उन्हें कहा था कि जब भी तुम्हे हनुमान का किरदार करने का मौका मिले, तो सात्विकता जरूर अपनाना। इसके लिए नशा का त्याग करना। उनकी बताई मैंने गांठ बांध ली, पिछले 35 वर्षों से उनकी बताई बातों को अमल में ला रहा हूं।



### महाआरती में झूम हजारों भक्त, विधि-विधान से पूजा भी की

विंदू दारा सिंह ने इस दौरान महाआरती भी। इस दौरान हजारों भक्त मौजूद थे। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ उन्होंने नशाखोरी से दूर रहने और सनातन संस्कृति का पालन करने का संकल्प दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में सनातन धर्म की रक्षा करें, हमेशा इससे जुड़े रहें। इससे पहले विंदु दारा सिंह ने शहर के प्रतिष्ठितजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनीतिक व्यक्तियों से मुलाकात की। उन्होंने भिलाई के इतिहास के बारे में भी जानकारी ली। वैशालीनगर विधायक रिकेश ने उन्हें यहां की भौगिलिक स्थित, निवास करने वाले लोगों के बारे में भी बताया।

### सनातन धर्म को अपनाने और नशोखोरी से दूर रहने दिलाया संकल्प

इस अवसर पर विंदू दारा सिंह ने लोगों को सनातन धर्म अपनाने, उसका पालन करने और नशाखोरी से दूर रहने संकल्प भी लिया। उन्होंने मंच से कहा कि सनातन होना गर्व की बात है। हमारे शास्त्र, हमारे वेद, पुराण लाखों साल पुराने हैं, जो हमें आध्यात्म और भक्ति से जोड़ने का काम कर रहे हैं। दुनिया में सनातन के अलावा और दूसरा कोई धर्म वसुदेव कुटुंबकम की बात नहीं करता। हमारी संस्कृति, सभ्यता और संस्कार यह बात करते हैं। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने भी युवाओं में उत्साह भरा। उन्होंने हनुमान जयंती की पूरे शहरवासी को बधाई दी। और भविष्य में भी ऐसे आयोजन किए जाने का भरोसा दिलाया।



**धर्म लाइव**

## 60 वार्डों में एक साथ चालीसा का पाठ, श्रेष्ठ होगा सम्मानित



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल संगठन और अग्रवाल समाज ने हनुमान जयंती पर अनूठी पहल की है। सनातन के प्रचार और इसे आगे बढ़ाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया। आयोजन के बाद सभी वार्डों ने 1-1 मिनट का वीडियो तैयार किया। इन वीडियो के आधार पर श्रेष्ठ वार्ड का चयन किया जाएगा। इसके बाद उसे समाज द्वारा सम्मानित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष आशीष सक्सेरिया एवं संगठन प्रभारी संजय गर्ग ने बताया कि युवा अग्रवाल संगठन एवं अग्रवाल समाज के द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार 12 को सुबह 11 बजे हनुमान चालीसा का पाठ एक साथ दुर्ग में सभी 60 वार्डों में किया गया। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष पंकज कृतिका ने बताया कि यह कार्यक्रम दुर्ग में प्रथम बार बृहद रूप से आयोजित किया गया। मुख्य कार्यक्रम कादंबरी नगर के हनुमान मंदिर में आयोजित किया गया, जिसमें नगर निगम सभापति श्याम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। समाज के संरक्षक सत्य प्रकाश बंसल, कैलाश रुंगटा एवं अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल भी आयोजन में मौजूद थे। हर वार्ड के किसी एक मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। युवा संगठन दुर्ग इकाई के अध्यक्ष हिमांशु अग्रवाल एवं महासचिव अतुल जिंदल ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नपानि से महापौर अल्का बाघमार, सभापति श्याम शर्मा एवं सभी 60 वार्डो के पार्षदों की अहम भूमिका रही। साथ में हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। पुरस्कार वितरण समारोह में विशेष रूप से सांसद विजय बघेल मौजूद रहेंगे।

**दुर्ग में प्रशिक्षण शिविर का आगाज, एमपी, छग और ओडिशा से 500 से ज्यादा सदस्य ले रहे भाग**

# रोटरी क्लब में 2 लाख से ज्यादा लोग जुड़े हुए, समाजहित में आओ मिलकर करें काम...अभियान की शुरूआत

भिलाई। रोटरी डिसट्रिक्ट 3261 का प्रशिक्षण शिविर इस बार दुर्ग में आयोजित किया जा रहा। दो दिवसीय इस आयोजन के पहले दिन शनिवार को आओ समाजहित में मिलकर करें काम अभियान की शुरुआत की गई। प्रांतपाल अमित जयसवाल ने इस बारे में विस्तार से जानकारी दी। आयोजन रोमन पार्क पुलगांव में किया जा रहा है। नितिन जैन, पंकज माहेश्वरी, मनोज राय, संजय दुबे, सुनील कायल, संगीता चांद एवं नरेंद्र सिंह छाबड़ा ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रशिक्षण शिविर में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के 150 से अधिक रोटरी क्लब के अध्यक्ष, सचिव एवं 500 से अधिक रोटेरियन दुर्ग पहुंचे हुए हैं। पहले दिन स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण इत्यादि विषयों पर गहन चर्चा की गई। सदस्यों को बताया गया कि देश में रोटरी के 4600 से अधिक क्लबों के अनुमानित 2 लाख सदस्य हैं। भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान पर पूर्व प्रांतपाल मोहन पलेसा ने जानकारी दी। अमित- पल्लवी जयसवाल ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। अमित जयसवाल ने आओ समाजहित में मिलकर कार्य करें के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रोटरी उम्मीद है, हर एक उस जरूरतमंद की जिसे जरूरत है, शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन की। देश को पर्यावरण और जल संरक्षण की जरुरत है। रोटरी हमेशा इन्हें सहेजने का प्रयास करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। कार्यक्रम का 13 अप्रैल को समापन होगा।




### कार्यशाला में आगामी दिनों में किए जाने वाले लक्ष्य का निर्धारण

इस अवसर पर वर्ष 2025 -26 के प्रांतपाल के रूप में अमित जयसवाल का अपने कार्यकाल को शुरू करने के पूर्व डिस्ट्रिक्ट मैनेजमेंट टीम, असिस्टेंट गवर्नर, सिटी कॉर्डिनेटर, जल, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य टीम के प्रभारिद्वय एवं सभी डिस्ट्रिक्ट पदाधिकारियों के साथ मिलकर समाज सेवा का लक्ष्य निर्धारण कर उस दिशा सार्थक प्रयास करना की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया रोटरी का मूल उद्देश्य समाजहित कार्यों को अधिक प्रभावी बनाना है। यह कार्य पहले से होते रहे हैं, जिसमें इस वर्ष अधिक मजबूती से आगे बढ़ाया जाएगा।

### मार्गदर्शिका का विमोचन, रोटरी मेंबर्स के नंबर उपलब्ध

इस अवसर पर कार्यक्रम में पधारे विशिष्ट अतिथि द्वारा रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 की मार्गदर्शिका का भी विमोचन किया गया। इसमें वर्ष 2025-26 की सम्पूर्ण डिस्ट्रिक्ट के रोटरी क्लब के अध्यक्ष, सचिव के साथ डिस्ट्रिक्ट पदाधिकारियों के नाम एवं मोबाइल नंबर उपलब्ध हैं। कार्यक्रम में विशेष वक्ता के रूप में राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, कमल संघवी, नेपाल से आए बासुदेव गोलियन, भुवनेश्वर से देवाशीष मिश्रा, मनोज त्रिपाठी, अनिल अग्रवाल, मोहन पलेसा, उल्लास कोल्हटकर, जेपी काबरा, अखिल मिश्र सहित अन्य मौजूद थे।




### क्लब के 7 फोकस एरिया पर भी किया गया मंथन

इस अवसर पर समाजहित में रोटरी द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी दी गई। रोटरी की इस पहल में शामिल होकर समाज सेवा की दिशा में एक प्रभावी कदम बढ़ाएं, इस पर बल दिया गया। साथ ही वरिष्ठ रोटेरियन एवं पूर्व प्रांतपाल कमल संघवी द्वारा नए युवा रोटेरियन सदस्यों को जोड़ने पर कार्य करने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इससे भविष्य में भी रोटरी के मुख्य 7 फ्रोकस क्षेत्र में कार्य अनवरत जारी रह सकें। कार्यक्रम में अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, सोमनाथ अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, रामदास, अजीत खंडेलवाल, मयंक रोजनदार, अनंत अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

**सिटी इवेंट**

## पक्षियों को राहत देने हर घर एक मुट्ठी दाना, एक सकोरा जल अभियान



**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति ने भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत देने के लिए हर घर एक मुट्ठी दाना एक सकोरा जल अभियान की शुरुआत की है। इसके तहत हर सदस्य अपने घरों में एक एक मिट्टी के सकोरे में पानी और एक मुट्ठी अन्न का दाना पक्षियों के लिए रखेंगे। परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली भिलाई में आयोजित एक सादे समारोह में समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं बच्चों को अपने अपने घर में पक्षियों के लिए एक सकोरे में जल और एक मुट्ठी दाना घर के छत एवं मुंडेर में रखने हेतु सामूहिक संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि गर्मी में प्यासे पशु पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था करना पुण्य का कार्य है। सभी को इस दिशा में सहयोग करना चाहिए। उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि पूरे गर्मी भर वे पक्षियों के लिए इस तरह की पानी और अन्न के दाने की व्यवस्था करेंगे।

उपस्थित अनेक लोगों ने यह भी संकल्प लिया कि वे अपने घरों के सामने आवारा पशुओं के लिए भी नांद में पानी भरकर रखेंगे, ताकि प्यासे आवारा गाय, कुत्तों आदि को गर्मी में पानी के लिए भटकना ना पड़े। समिति के द्वारा उपस्थित लोगों को मिट्टी के सकोरे भी वितरित किए गए। उपस्थित सभी लोगों ने इस अभियान की तारीफ करते हुए खुशी खुशी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। लोगों ने कहा कि इससे बच्चों में पशु पक्षियों के प्रति दया एवं प्रेम की भावना जागृत होगी। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, सचिव विनोद देवांगन, कोषाध्यक्ष गजेंद्र देवांगन, हेम कैलाश देवांगन, राजू देवांगन, रामगोपाल देवांगन, श्रवण देवांगन, हरिशंकर देवांगन, लक्ष्मीनाथ, अभिषेककुमार, सुमन देवांगन, कल्पना भानु देवांगन, लक्ष्मी देवांगन, मीनाक्षी देवांगन, हेमलता, चंद्रप्रभा, जयश्री, दमयंती, उमा, कामना, प्रतिभा, सहित अभिषेक स्पोर्ट्स एवं कराटे एकेडमी के स्टूडेंट्स बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**आयोजन**

## नर्मदेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा, निकली कलश यात्रा, भंडारा का भी आयोजन





**दुर्ग।** नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समिति जवाहर नगर के तत्वावधान में शिव लिंग की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। सुबह कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए मंदिर स्थल पर पहुंची, जहां लाए गए जल से भगवान शिव का अभिषेक किया गया। इसके बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना प्रारंभ हुई। नवग्रह स्थापना के साथ मंत्रोच्चार के बीच पूजा हुई। हवन-पूजन के साथ पूर्णाहुति के बाद भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया गया। शाम के समय भजन-संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भजन मंडली ने देवी भजन का आयोजन किया। इस अवसर पर समिति की पं. दयाल शर्मा, सावित्री धुरंधर, पवन अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, डॉ. अनिल सिन्हा, क्षत्रपाल डड़सेना, रश्मि सिन्हा, राजीव मेहता, भावना अग्रवाल, मीनाक्षी मेहता, निधि अग्रवाल, राखी दीवान, छाया शर्मा, नम्रता टांक, आकृति अग्रवाल, रक्षिता मेहता सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

**छात्र-छात्राओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा**

## केंद्रीय विद्यालय चरोदा में डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन पर परिचर्चा



**भिलाई।** मजदूर रेलवे कांग्रेस और बीएमवाय केंद्रीय विद्यालय के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के अवसर पर विद्यालय में शनिवार को बाबा साहेब के जीवन चरित्र पर इंटर स्कूल परिचर्चा का आयोजन किया।

जिले के 10 स्कूलों से करीब 50 से 60 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्षों, और समाज के प्रति उनके योगदान पर अपने विचार पेश किया गया। परिचर्चा में प्रतिभागियों ने डॉ. अंबेडकर के बचपन की कठिनाइयों, उनकी शिक्षा यात्रा, भारतीय संविधान निर्माण में उनकी भूमिका और दलितो, वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बीएसपी शिक्षा विभाग के डॉ शीतल चंद्र शर्मा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर को सामाजिक न्याय और समानता का प्रतीक बताते हुए युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मजदूर कांग्रेस के मंडल समन्वयक डी विजय कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से न केवल डॉ. अंबेडकर के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचने में मदद मिल रही है बल्कि युवाओं को सामाजिक समरसता, न्याय की दिशा में सोचने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम में सभी छात्रों को प्रमाण पत्र और सभी स्कूलों स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में रेलवे विधि अधिकारी डॉ. मनोज नायक, बीएमवाय केंद्रीय विद्यालय प्रचार्या प्रभा मिंज, रेलवे स्कूल प्रचार्या डी लक्ष्मी, रेलवे स्कूल शिक्षक डॉ. राजू बलाई, रेलवे वेलफेयर इंस्पेक्टर निसार अहमद, बलवंत शर्मा, राकेश राय, संतोष रेड्डी मौजूद थे।

### 7 छात्र पहुंचे फाइनल में

परिचर्चा में छात्रों को दो वर्गों में बांटा गया था। वर्ग ए में कक्षा 5वीं से 8वीं तक और वर्ग बी में कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के छात्र शामिल थे। कार्यक्रम में निणार्यक मंडल ने प्रतिभागियों की प्रस्तुति। विचारों की अभव्यिक्ति के आधार पर मूल्यांकन किया। सात छात्रों का चयन किया गया। ग्रुप ए से जेसिका जोसेफ, कीर्तना यादव, एल प्रांजुवल और ग्रुप बी से नायशा बीजू थॉमस, श्यामला बत्रा, प्रियांश राठौर, रश्मि मुदलियार शामिल हैं। इन छात्रों के बीच 14 अप्रैल को अंतिम प्रतियोगिता होगी।

**समाज इवेंट**

## सामाजिक समरसता और सम्मान समारोह 28 को, बैठक में निर्णय



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन की बैठक दशहरा मैदान रिसाली के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में भिलाई के लगभग सभी सेक्टरों के छत्तीसगढ़िया रहवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बैठक में तय किया गया कि 28 अप्रैल को कला मंदिर सिविक सेंटर में सामाजिक समरसता एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके लिए सेक्टर वाइस प्रतिनिधि प्रभारी नियुक्त किए गए। बैठक में आगामी 2 फरवरी 2026 में होने वाले महासम्मेलन में एक लाख सदस्यों को लक्ष्य बनाकर कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। सभी ने ध्वनिमत से छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के आने वाले सभी कार्यक्रमों में तन मन और धन से सहयोग करने आश्वस्त किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, संत कुमार केसकर, घनश्याम देवांगन, अनुरूप साहू, भानु प्रताप यादव, गेंद लाल वर्मा, जीवन सिन्हा, डॉ. डीपी देशमुख, केके वर्मा, अशोक साहू, भागवत सोनी जी, अरुण साहू सहित अन्य मौजूद थे।

**साइंस कॉलेज के भूगर्भशास्त्र के एलुमनी विद्यार्थियों ने किया सहयोग**

# मॉक टेस्टः पूर्व छात्रों ने माइनिंग इंस्पेक्टर एग्जाम के लिए वर्तमान छात्रों को दिए टिप्स, लिखित परीक्षा भी ली

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। साइंस कॉलेज के पूर्व छात्रों ने अनोखी शुरुआत की है। इनमें ऐसे छात्र हैं, जिन्होंने प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर सरकारी नौकरी प्राप्त की। ऐसे विद्यार्थियों ने वर्तमान अध्यनरत विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने के लिए मॉक टेस्ट आयोजित किया। आगामी दिनों में माइनिंग इंस्पेक्टर परीक्षा होनी है। इसके लिए मॉक टेस्ट लिया गया। भूगर्भशास्त्र विभाग के एलुमनी विद्यार्थी ने वर्तमान में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों हेतु आगामी महीने में आयोजित होने वाली माइनिंग इंस्पेक्टर परीक्षा की तैयारी के लिये अवकाश के दिन यानी शनिवार को परीक्षा आयोजित की। इस टेस्ट के आयोजन में जियोलॉजी एवं माइनिंग विभाग में पदस्थ मनदीप सिंह की उल्लेखनीय भूमिका रही। भूगर्भशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी देशमुख ने बताया कि इस मॉक टेस्ट परीक्षा में न केवल साइंस कॉलेज बल्कि साइंस कॉलेज रायपुर, एनआईटी रायपुर के विद्यार्थी भी शामिल हुये।



### परीक्षा से जुड़ी कई जरूरी जानकारियां की शेयर

सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में वर्तमान विद्यार्थियों के हित में एलुमनी विद्यार्थियों द्वारा अनेक सराहनीय गतिविधियां आयोजित की जा रही है। मॉक टेस्ट के दौरान प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह भी उपस्थित थे। उन्होंने भूगर्भशास्त्र के भूतपूर्व विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे अनुकरणीय एवं अभूतपूर्व सहयोग के लिये सभी की प्रशंसा करते हुये कहा कि अन्य विभागों को भी विद्यार्थियों के हित में इस प्रकार की गतिविधियां आयोजित करनी चाहिए।

### 3 घंटे के समय में मॉक टेस्ट में पूछे 100 प्रश्न

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि आयोजित माइनिंग इंस्पेक्टर की तैयारी के लिए अभ्यर्थियों से 3 घंटे के मॉक टेस्ट में कुल 100 प्रश्न पूछे गये, जो कि सामान्य अध्ययन, छत्तीसगढ़ पर आधारित प्रश्न तथा जियोलॉजी एवं माइनिंग विषय से संबंधित थे। टेस्ट में प्रविष्ट होने वाले सभी प्रतिभागियों ने एलुमिनी विद्यार्थी मनदीप सिंह के प्रयास को लेकर बताया कि आज मॉक टेस्ट देने के बाद उनके आत्म विश्वास एवं ज्ञान में वृध्दि हुई है। यह जब वास्तव में लोक सेवा आयोग द्वारा माइनिंग इंस्पेक्टर की परीक्षा आयोजित की जाएगी, तब हम सभी को सहायता होगी। इस मॉक टेस्ट के आयोजन के लिये सभी ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय सिंह एवं भूगर्भशास्त्र विभाग को धन्यवाद दिया। मॉक टेस्ट के आयोजन में डॉ. विकास स्वर्णकार एवं दिनेश मिश्रा का उल्लेखनीय योगदान रहा।



## खबर संक्षेप

### ज्योति को मिली पीएचडी



**सेलूद।** शासकीय दुधाधारी बजरंग स्नातकोत्तर महिला स्वशासी महाविद्यालय रायपुर के समाजशास्त्र की शोध छात्रा ज्योति बया को पीएचडी की मिली उपाधि। पंडित रविशंकर शुक्ल विवि के द्वारा उनके शोध का विषय गोधन न्याय योजना का समाजशास्त्री अध्ययन पर किए गए। विभाग की प्राध्यापक डॉ. मनीषा महापात्र के निर्देशन में किए गए। शोध में गोधन न्याय योजना हितग्राहियों, महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन किया गया है।

### नशा से सर्वनाश हो रहा छत्तीसगढ़ः कामेश



**अंडा।** छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना जिला संयोजक कामेश साहू ने कहा कि सरकार छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़िया को बर्बाद करने में लगे हैं। भाजपा सरकार का अमृतकाल चल रहा है और छत्तीसगढ़ में अपराध चरम में है। इसका मूल कारण आप सब जानते है वो है नशा।

## निधन

### राधा राजपाल



**भिलाई।** प्लाट नंबर 49, लोहिया रोड, कैलाश नगर निवासी व हाउसिंग बोर्ड सिंधी समाज की सेवाभावी सदस्या राधा राजपाल (64 वर्ष) 11 अप्रैल को निधन हो गया। वे केएल राजपाल की धर्मपत्नी,पवन राजपाल दीपक राजपाल की माताजी थीं। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया।

### अनिरुद्ध पांडे



**भिलाई।** हुडको एमआईजी 1-320 भिलाई निवासी अनिरुद्ध पान्डे (56 वर्ष) का आकस्मिक निधन शनिवार को हो गया। उनकी अन्तिम यात्रा हुडको सिथत निवास से 13 अप्रैल सुबह 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अन्जली पांडे के पुत्र, रेखा पांडे के पति एवं सुनील पांडे के भाई थे।

# बेटी की शादी के लिए ठेठवार यादव समाज ने बढ़ाया हाथ

## कुछ दिन पहले नंदलाल की मवेशी हो गई चोरी, समाज ने दिया 38 हजार 200 का सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद

छग ठेठवार यादव समाज के युवा प्रकोष्ठ की पहल पर पूरा समाज के लोगों ने एक अनोखी मिशाल पेश की है। समाज के एक बेटी की शादी के लिए आर्थिक सहयोग किया है। ग्राम गाड़ाडीह जाकर समाज के पदाधिकारियों ने लड़की के पिता को नगद 38 हजार 200 रुपए भेंट किया। साथ की विवाह की शुभकामना भी प्रेषित किया। बता दे कि नंदलाल यादव का जीविकोपार्जन दूध बेचकर होता है। लेकिन कुछ दिन पहले उसके पूरा मवेशी एक साथ चोरी हो गया। वहीं 14 अप्रैल को नंदलाल की बेटी कल्पना का विवाह तय हो गया है। नंदलाल के परिवार के सामने आर्थिक संकट



आ गया। जिसे देखते हुए बेटी की विवाह के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया है। नंदलाल यादव गाडाडीह निवासी है उनकी बेटी कल्पना की विवाह के लिए आर्थिक सहयोग यादव ठेठवार समाज द्वारा 38 हजार 200 रूपये भेंट किया गया। इस अवसर पर परमानंद यादव प्रदेश अध्यक्ष प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ, नरोत्तम यदु प्रदेश महासचिव, रामसिंह यादव प्रदेश संरक्षक प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ,रमन यादव प्रदेश उपाध्यक्ष महासभा , गणेश राम यादव संरक्षक धमधा राज, सरोज यदु प्रदेश प्रचार मंत्री महासभा, नवीन यदु उपाध्यक्ष रायपुर राज हरिराम यदु अध्यक्ष महानगर ईकाई रायपुर,अमन यादव, बलराम यादव प्रदेश सलाहकार युवा प्रकोष्ठ,ईश्वर यादव अध्यक्ष पाटन राज,अश्वनी यादव सचिव पाटन राज ,मनोज यादव,गोरे लाल यादव, भूपेन्द्र,तरूण, सहित गाड़ाडीह के स्थानीय स्वजन एवं नंदलाल यादव आदि मौजूद थे।

## ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती ग्राम अंडा में धूमधाम से मना

# अपने भक्ति बल पर भगवान श्रीकृष्ण को किया प्राप्तः ललित

## माता कर्मा के बताए मार्ग पर चलना चाहिएः पूर्व गृहमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती ग्राम अंडा में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा पूरे ग्राम में गाजे बाजे के साथ भ्रमण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अथितियों के द्वारा माँ कर्मा की पूजा अर्चना कर माँ कर्मा की आरती की गई। साथ ही नवनिर्वाचित सरपंच, पंचायत के पंच गणों का समाज द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, अध्यक्षता प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, अति विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री रमशीला साहू, विशेष अतिथि अध्यक्ष तहसील साहू संघ पुसऊ राम साहू,सचिव धनेश साहू, जनपद सदस्य अजीत चन्द्रकार, सरपंच ग्राम अंडा दिग्विजय सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष दीनदयाल साहू, रमेशर साहू सहित समाज के वरिष्ठ उपस्थिति थे।

विधायक चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में साहू समाज पूरी दृढ़ता, ईमानदारी, परिश्रम एवं मजबूती के साथ खड़ा है। उन्होंने आगे कहा कि अपने भक्ति बल पर बालक श्रीकृष्ण का आव्हान किया था। साहू समाज के लोग वर्तमान में कृषि, प्रशासन, व्यवसाय, राजनीति सहित सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं और विकास में अपना योगदान कर रहे हैं। साहू समाज ने हमेशा मुझे अपार स्नेह व सम्मान दिया है। समाज द्वारा भवन की राशि मांगी है जिन्हें निश्चित ही पूरा किया जायेगा।

पूर्व गृहमंत्री साहू ने कहा कि समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने के लिए, हमें व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास करने चाहिए, शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देना चाहिए और





सामाजिक सुधार आंदोलनों का समर्थन करना चाहिए। साहू ने कहा कि हम सब को माता कर्मा के बताए मार्ग पर चलना चाहिए।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि पूर्व मंत्री रमशीला साहू ने भक्त माता कर्मा के जीवन चित्रण के बारे बहुंत ही विस्तार से बताया। आभार व्यक्त जागेंद्र साहू ने किया। कार्यक्रम का संचालन खिलेन्द्र यादव ने किया। इस अवसर अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज सोहन साहू, उपाध्यक्ष बीरेंद्र साहू, सचिव जगेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष गोपाल साहू, सुनील साहू, पीतांबर साहू, मकसूदन साहू, बिसोहा राम साहू, मिलेश साहू, परमेश्वर साहू,प्रशांत साहू, जामवंत साहू,उदय शंकर साहू, अनुपमा साहू, मनोज साहू, सहित महिला पदाधिकारी सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### लोगों की समस्याओं का समयबद्ध हो निराकरण



**उतई।** शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना। भाजपा युवा मोर्चा उतई मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार यदु ने कहा कि यह सरकार की अच्छी सोच है कि हमें अपनी मांग और समस्याओं को बताने एक उचित प्लेटफॉर्म मिल रहा है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार तीन चरणों में आयोजित होगा। पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### श्रीराम कथा यज्ञ का आयोजन 14 से

**उतई।** कालिका मंच मानस भवन उतई में श्रीराम दरबार सेवा समिति द्वारा 9 दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा यज्ञ का आयोजन 14 से 22 अप्रैल तक शाम 3 बजे तक की जाएगी। कथा वाचक पंडित हिमांशु कृष्ण महाराज होंगे। यह जानकारी आयोजक समिति के नीलमणि वर्मा ने दी।

## अंचल की खबरें

### ग्राम देवादा में पोषण पखवाड़ा में 6 गर्भवती की गोद भराई, चार बच्चों का हुआ अन्न प्रासन



**पाटन।** महिला एवं बाल विकास विभाग पाटन परियोजना अंतर्गत पाटन सेक्टर के ग्राम देवादा के ग्राम पंचायत भवन में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत पोषण व्यंजन की प्रदर्शनी, गोद भराई, अन्न प्रशान एवं खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य उर्वशी वर्मा थीं। जनपद सदस्य उर्वशी वर्मा के प्रयासों से विभाग के द्वारा ग्राम देवादा को कुपोषण से मुक्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसमें 6 गर्भवती का गोद भराई, 4 बच्चों का अन्न प्रासन किया गया। कुर्सी दौड़ में प्रथम प्रेमलता, द्वितीय पुष्पा विजेता रही। रेडी टू ईट से व्यंजन बनाया गया। जिसमें अरसा, खुरमी,पपची इत्यादि बना कर प्रदर्शित किया गया। वर्मा ने कहा कि गांव को कुपोषण से मुक्ति के लिए प्रयास जारी रहेगा। मंच संचालन विभाग की प्रवेक्षक झरना दास ने किया। इस अवसर पर सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,ग्राम की महिलाएं एवं विभाग के पर्यवेक्षक स्नेहलता गौतम, डॉ. नम्रता तिवारी, झरना दास, समता सिंह, संध्या सिंह, तिलोत्तमा मोटघरे, मेघा मोहरिल, ममता साहू, सुनीता पुसम, उर्वशी देशलहरे,नम्रता तिवारी, वर्मा, कंचन राठी आदि उपस्थित थे।

### पोषण पखवाड़ाः बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**सेलूद।** पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से महुदा सेक्टर के झीठ हॉस्पिटल में 33 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण। पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत कुपोषित बच्चों को कुपोषण के चक्र से बाहर लाकर कुपोषण की दर में कमी लाने के लिए बाल संदर्भ शिविर का संचालन कराया जा रहा है। बाल संदर्भ शिविर में महुदा सेक्टर के पर्यवेक्षक स्वीटी सोनवानी, विशाखा पटेल, गीता साहू, शारदा साहू, भगवती साहू, राजेश्वरी साहू आदि उपस्थित थे।

### जिलाध्यक्ष राकेश का धमधा में हुआ स्वागत



**धमधा।** धमधा के धीवर धर्मशाला में कार्यकर्ता परिचय सम्मेलन व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा की अगुवाई में नवनियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर का धमधा नगर प्रथम आगमन पर स्वागत किया गया। दुर्ग में हुए 6 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म एवं हत्या के विरोध में गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन का किया गया एवं इस्तीफा देने की मांग की गई। जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। ठाकुर ने कहा कि धमधा, साजा विधानसभा का हर एक कार्यकर्ता सौभाग्यशाली है जिन्हें रविन्द्र चौबे जैसा नेता मिला है। उन्होंने कहा कि हर एक कार्यकर्ता के साथ हर वक्त खड़ा रहूंगा। कांग्रेस अब हर घर में अपना कार्यकर्ता बनाने का लक्ष्य लेकर चलेगी। ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा ने संगठन को और मजबूत करने की बात कही। जिला महामंत्री राजीव गुप्ता एवं जिला पंचायत सदस्य दानेश्वर साहू ने भी संबोधित किया। संचालन पूर्व जिला पंचायत सभापति शमशीर कुरैशी ने की। कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. नजीर कुरैशी, बलॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष मधुसूदन राणा, जालम पटेल, संतलाल बंजारे, भूपेंद्र धीवर, नीलू ताम्रकार, पुनेन्द्र तिवारी, धर्मेंद्र साहू, देवेंद्र चंदेल, ओम कुमार वर्मा, लुमेश्वर पटेल, अनिल साहू, प्रहलाद यादव, ललित सोनकर, जनपद सदस्य एवं उनके प्रतिनिधि में रोमन पटेल, जितेंद्र वर्मा, केबी वर्मा, कन्हैया साहू, राधेलाल गोंड, अरुण साहू, विजय धीवर, आनंद धीवर, दुखवा पटेल, सुंदरलाल साहू, प्रकाश कश्यप, तुलाराम रत्नाकर, महेश बालचंद बंजारे, हेमंत बंजारे, हरक लाल साहू, ठाकुर राम साहू आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## हनुमान जन्मकल्याणक महोत्सव की धूम, मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ

# श्रद्धाभाव से नतमस्तक भक्त को हनुमान की कृपा आनंदित करती हैः राठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

श्रीराम भक्त हनुमान की जन्म कल्याणक महोत्सव समारोह का आयोजन बाजार चौक स्थित हनुमान मंदिर जामगांव आर में यजमान मुरलीधर सुनीता राठी के नेतृत्व में हुआ। प्रारंभ में हवन पूजन ध्वजारोहण संपन्न होने के बाद भंडारा में भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किए। हनुमान जयंती की रात्रि में राहुल झाबक की सुमधुर आवाज ने भक्ति संगीत की ऐसी समा बांधी कि भक्तों की टोली झूम उठी। पृथ्वीराज, लालचंद, राधेश्याम, शांतिलाल राठी परिवार ने भक्तों का आवभगत किए।



### जयंती शनिवार पड़ना सुकून भरा पल

मुख्य यजमान मुरलीधर राठी ने कहा कि भक्त जब पूर्ण श्रद्धा के साथ हनुमानजी के शरण में नतमस्तक होते है तब कृपा बरसती है और भक्त आनंदित हो उठता है। हनुमान जयंती का पावन अवसर हनुमानजी का वार शनिवार होने से भक्तों का भाव स्वाभाविक तौर पर सुकून भरा हो गया।

### सुकून भरा जीवन के लिए संस्कार सर्वोपरि

माहेश्वरी समाज प्रादेशिक पदाधिकारी सौरभ राठी ने कहा कि भारत की संस्कृति हमे संस्कार से ओतप्रोत करती है।अपने आराध्य के प्रति भाव कृतज्ञता का रखने की संस्कार सिखाती है।सुकून भरा जीवन के लिए संस्कार सर्वोपरि है।

### नवागांव में युवाओं ने मनाई हनुमान जन्मोत्सव, बंटा हलवा का प्रसाद




**जामगांव आर।** समीपस्थ ग्राम नवागांव में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। युवाओं ने हनुमानजी का सिंदूरी कर चोले से श्रृंगार कर हलवा का भोग लगाया व आने-जाने वालों को प्रसादी का वितरण किया। इस दौरान- अभिषेक सेन, भोजकुमार कोर्राम, उमेश साहू, दुष्यंत साहू, वासु मंडल, जीतू साहू, दानेश्वर साहू, भिषम यादव, मोहन यादव,हरीश कोशरे, लक्की साहू, सूर्या, साहिल, कान्हा, यशवंत ठाकुर, जय साहू ने भक्ति पूजा अर्चना किए।

### खपरी-चूलगहन में पूजा-अर्चना के लिए पहुंची जिपं सभापति कल्पना



**जामगांव आर।** जय बजरंग मानस मंडली खपरी-चुलगहन के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव अवसर पर रामायण पाठ का आयोजन हुआ।इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू एवं भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू ने पहुंचकर हनुमानजी महाराज की दर्शन किए और आयोजकों एवं ग्रामवासियों से भेंट कर बधाई दी। इस अवसर पर मनोज कुमार पटेल सरपंच, पार्वती सरजू पटेल उपसरपंच, अरविंद साहू, बेनीराम साहू, संतोष निषाद, प्रेमलाल साहू, बसंत साहू, लखन सूर्यवंशी, राजेश पटेल, कुसुमलता पटेल पंच, हेमलता पटेल, जमुना पटेल, शकुन्तला निषाद, दामनी पटेल , अभिषेक सेन आदि मौजूद थे।

# शिवजी के रुद्रावतार है बजरंग बली

हरिभूमि न्यूज ⏭ निकुम



ग्राम मासाभाट में चल रहे शिवपुराण कथा में कथावाचक आचार्य बालव्यास मुरलीधर उपााध्याय ने कहा कि सत्कर्म करने के साथ मानव को अपने मोक्ष की तैयारी भी इसी जीवन में करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कल्पवृक्ष के समान है, शिवमहापुराण की कथा, जिसमें जीव सच्चे मन से कथा श्रवण करें शिव जी प्रसन्न होते है, तो कल्प वृक्ष के समान जिसमें सुख, समृद्धि, आनंद सहित वंश वृद्धि का फल मिलता है। शिवपुराण में 24000 लोक है, शास्त्रें में उल्लेख है कि देव, दनुज, ऋषि, महर्षि, सिद्ध, गंधर्व वरण बह्मा, विष्णु तक महादेव की उपासना करते है। कथा में गणेश जन्म की कथा से श्रद्धालु भावविभोर हो गये। शिव कथा में बताया कि शिवजी के 11वे रुद्रावतार है बजरंगबली, जिसके पास असीमित शक्ति है,जो रामका में लगे रहते है, हनुमान जी प्रभकथा परमप्रिय है संकटों को हरने के कारण संकटमोचन कहलाते है,वहीं अष्टसिद्धि के दाता माने जाते हे, जो प्रभुश्रीराम के सेवा में लगे रहते है। परीक्षित स्वरुप कल्याण साहू, चन्दा बाई, नम्मू, रुपा साहू, बिरेन्द्र साहू, अहिल्या साहू, लोकेश्वर साहू, थानेश्वरी साहू आदि मौजूद थे। 13 अप्रैल को दोपहर 1 बजे 12 ज्योतिंलिग कथा, शिव अर्चना व पूर्णा होगी।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## बिजनेस साइट

### बरमेचा एलिवेटर द्वारा सफलतापूर्वक एक और आधुनिक लिफ्ट का इंस्टॉलेशन



**भिलाई।** बरमेचा एलिवेटर ने शनिवार को एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने जी+3 भवन में 6 पैसेंजर वाली अत्याधुनिक लिफ्ट का सफल इंस्टॉलेशन किशोर कोठारी के व्यावसायिक परिसर पुलगांव में पूरा किया। जिसकी क्षमता 408 किलो है। इसमें स्टेनलेस स्टील 304 कैबिन, 700 एमएम क्लियर सेंट्रल ओपनिंग विट्रर डोर, एआरडी सिस्टम, बैटरी बैकअप, अलार्म, फायर स्विच, इंटरकॉम, और एनर्जी-एफिशिएंट शार्प गियर मोटर का उपयोग किया गया है। कंपनी के मैनेजर ने बताया कि "यह लिफ्ट सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। हमने लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के साथ यह प्रोजेक्ट पूरा किया है। हमारा फोकस हमेशा कस्टमर सेफ्टी, उच्च गुणवत्ता और समयबद्ध डिलीवरी पर रहता है।"

**बरमेचा एलिवेटर की खासियतेंः** आईएसआई एवं सीई सर्टिफाइड उच्च गुणवत्ता वाले पार्ट्स, स्मूथ और नॉइस-फ्री मूवमेंट, पावर सेविंग टेक्नोलॉजी, प्रोजेक्ट अनुसार कस्टमाइज्ड डिजाइन, स्वचालित सुरक्षा उपकरण, 24x7 लोकल सपोर्ट और एएमसी सेवाएं है। बरमेचा एलिवेटर 150 किलोमीटर के दायरे में, विशेष रूप से दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बालोद, बिलासपुर और रायपुर में सेवाएं प्रदान कर रही है। कंपनी कमर्शियल, रेसिडेंशियल और इंडस्ट्रियल लिफ्ट्स के लिए कस्टमाइज्ड समाधान उपलब्ध कराती है। भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कंपनी ने बताया कि आने वाले समय में स्मार्ट लिफ्ट्स और अत्याधुनिक तकनीक आधारित फीचर्स पर काम किया जाएगा, जिससे ग्राहक को और बेहतर अनुभव मिल सके। बरमेचा एलिवेटर लगातार अपने क्षेत्र में भरोसेमंद ब्रांड के रूप में उभर रही है, जो न सिर्फ इंस्टॉलेशन बल्कि उसके बाद की सेवा में भी अग्रणी है।

**खबर संक्षेप**

## जिला स्तरीय कर्मा जयंती आज

**दुर्ग।** मानस भवन में 13 अप्रैल को जिलास्तरीय कर्मा जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें प्रदेश भर से साहू समाज के लोग होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे कलश शोभा यात्रा निकालकर की जाएगी। भक्त माता कर्मा की महाआरती प्रातः 11 बजे से होगी। प्रातः 12 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम, दोपहर 1 बजे से सामाजिक रत्न, समृति सम्मान व सामाजिक सम्मान एवं अतिथियों द्वारा उद्बोधन संध्या 5 बजे भक्त माता कर्मा की महाआरती एवं राष्ट्रगान के पश्चात कार्यक्रम का समापन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू,पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ के टहल सिंग साहू , विधायक गजेंद्र यादव, जागेश्वर साहू, रामशिला साहू, दीपक ताराचंद साहू, राजेन्द्र साहू, मौजूद रहेंगे। जिला अध्यक्ष नन्दलाल साहू ने बताया कि कार्यक्रम जिला साहू संघ एवं तहसील साहू संघ के संयुक्त तत्वधान में आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी दुर्ग जिला साहू संघ मीडिया प्रभारी राकेश साहू ने दी।

## सदस्यता अभियान चलाया गया



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों द्वारा सदस्यता अभियान जल संसाधन विभाग के शिवनाथ मंडल तांदुला जलाशय के कर्मचारियों के साथ सदस्यता अभियान चलाया। जिसमें जल संसाधन विभाग के लगभग सदस्यों द्वारा आजीवन सदस्यता ग्रहण किया गया। नरेन्द्र वर्मा व श्री वैष्णव के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। आगे भी जिले के सभी विभागों में अभियान चलाये जाने की जानकारी जिला पदाधिकारियों द्वारा दी गई।

**समस्या :** शहर में 18 वाटर एटीएम एक करोड़ 56 लाख रूपए खर्च कर लगे थे

# भरी गर्मी में नहीं बुझ रही डेढ़ करोड़ के वाटर एटीएम से प्यास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

हमने बनाया हैं हम ही संवारेगें का नारा देने वाली भाजपा अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नही कर रही है। तत्कालीन महापौर चंद्रिका चंद्राकर के कार्यकाल में डेढ करोड रूपए के लागत से लगाए गए वाटर एटीएम मशीन शहर में कबाड हो गई है। महज एक रूपए के सिक्के में एक लीटर पानी मिलने की योजना आम लोगों के लिए फूटी कौडी की नही रही।

जानकारी अनुसार वर्ष 2018 में 1 करोड 56 लाख 60 हजार रूपए की लागत से लगाई गई लाखों रूपए का वाटर एटीएम कबाड हो गई हैं। मशीन लगने के बाद निगम प्रशासन ने भी इसकी उपयोगिता को लेकर कोई प्रयास नही किया है। हालात यह हैं कि पिछले कई साल से मशीने खराब है। मशीन लगने के बाद महज एक साथ ही इसका सही तरह से ठेकेदार ने संचालन किया। इसके बाद मशीनों की ऐसी दुर्गति कर दी गई कि, आम लोगों के लिए यह कौडी का नही रहा।

**खास बातें**

- 2018 में 1 करोड़ 56 लाख की लागत से लगाई गई थी वाटर एटीएम
- कई साल से बंद है मशीनें

### कबाड़ में तब्दील हो गई करोड़ों रूपए की एटीएम मशीनें



दुर्ग। आरटीओ के सामने शो पीस बना मशीन।



दुर्ग। नगर निगम के सामने लगा एटीएम मशीन।

### भुगतान अटका तो ठेकेदार ने खड़े किए हाथ

आगामी 2025 तक ठेकेदार को एटीएम मशीन का रखरखाव करना था। वर्ष 2018 में मशीन लगने के बाद निजी कंपनी से सात साल तक संचालन करने का एग्रीमेंट किया गया था। लेकिन निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण शहर में लगे 18 एटीएम कबाड हो गए हैं। ऐसी जानकारी मिली है कि, नगरनिगम ने ठेकेदार को संचालन की राशि का भुगतान नही किया। वर्ष 2018 से दो साल का ही भुगतान किया गया। जिसके चलते ठेकेदार ने संचालन करने से हाथ खडे कर दिया। इस तरह लाखों रूपए फूंकने के बाद लोगों की प्यास तो नही बुझी, लेकिन मोटी रकम पानी में जरूर बह गई।

### नगर निगम प्रशासन ने साधी चुप्पी

शहर में सार्वजनिक जगहो पर वाटर एटीएम लगाए गए थे। ताकि आम लोगों को शुध्द पानी का लाभ मिल सके। करोडो रूपए के इस मशीन को लगाने के बाद निगम द्वारा भुगतान भी कर दिया गया। लेकिन मानटरिंग नही किए जाने के कारण ठेकेदार ने वर्ष 2025 से पहले वर्ष 2021 में ही संचालन बंद कर दिया। अब सवाल उठता हैं कि, करोडों रूपए के इस राशि को खर्च करने के बाद भी कौडी का लाभ नही मिलने से जिम्मेदारी किसकी तय होगी।



दुर्ग। समृद्धि बाजार के सामने कबाड़ होता मशीन।

### यहां लगाए गए डेढ़ दर्जन वाटर एटीएम मशीन

सात साल पहले नगरनिगम द्वारा नगरनिगम के सामने, शीतला सब्जी बाजार, पुलगांव कपड़ा मार्केट, बोरसी सब्जी (हाट) बाजार, नया गंज मंडी धमधा रोड, सिकोला सब्जी बाजार, मालवीय नगर चौक, जिला अस्पताल, सिंधिया नगर, आदित्य नगर जोन कार्यालय, राजेन्द्र पार्क के सामने, न्यू बस स्टैण्ड, इंदिरा मार्केट पार्किंग परिसर, वार्ड क्र. 59 कातुलबोर्ड चौक मुख्य मार्ग में एसएएफ बटालियन के सामने, जिला अस्पताल, आयुर्वेदिक अस्पताल, नया बस स्टैण्ड, दादा-दादी, नाना-नानी पार्क में लगे हैं।

**सभी चालू कराएंगे**

शहर में जितने भी वाटर एटीएम लगे है। उसे चालू कराने के निर्देश दिए है। कुछ शुरू भी हो गए है। जो बंद हैं उसे तत्काल शुरू कराएंगे। **-अल्का बाघमार,** महापौर दुर्ग

## प्रदेश यादव समाज ने भी उठाई सीबीआई जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

मोहननगर थाने में छः साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले में प्रदेश स्तर पर यादव समाज ने गंभीरता दिखाई है। उन्होने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को आवेदन देकर सीबीआई जांच की मांग की हैं।

- समाज ने राष्ट्रपति व पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने बताया है कि, मोहन नगर थाना दुर्ग छत्तीसगढ़ अंतर्गत छः साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म कर हत्या कर दी गई है। उक्त पीड़ित परिवार एवं सम्पूर्ण समाज में आक्रोश व्याप्त है। क्योंकि जिस व्यक्ति को उक्त केश में संलिप्त के शंका के आधार पर पुलिस पकड़ा है, मृतका की सगा चाचा है। परिवार वालों का कहना है कि, यह संभव नहीं है। बच्ची की लाश किसी गाडी में मिली है। ऐसी स्थिति में निष्पक्ष जांच किया जाना उचित है। उक्त मुद्दे की मांग को लेकर सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश की ओर से अध्यक्ष रमेश यदु के नेतृत्व में देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व प्रदेश के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर इस घटना की गंभीरता को देखते हुए सीबीआई से जांच करा कर दोषी व्यक्ति को फाँसी की सजा देने की मांग रखी हैं। वहीं पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये की मुआवजा राशि प्रदान की जाने की मांग किये है।

## विधायक ने किया क्लिनिक का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग



जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में अब आयुर्वेद पद्धति से बीपी, शुगर, थाईराइड जैसे बीमारियों का उपचार खान पान, योग और दिनचर्या में बदलाव के माध्यम से किया जायेगा।

आज चिकित्सालय परिसर में लाईफ स्टाईल क्लिनिक का शुभारंभ शहर विधायक गजेन्द्र यादव एवं महापौर अल्का बाबमार ने किया। भगवान धन्वंतरी की पूजन व दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की प्रारंभ हुआ। इस दौरान महापौर अलका बाघमार, देवनारायण चंद्राकर, शशि द्वारिका साहू, पार्षद साजन जोसफ, युवराज कुंजाम, सुरुचि उमरे, मनमोहन शर्मा, श्वेता ताम्रकार, मंजू पाण्डेय, भास्कर तिवारी आदि मौजूद रहे।

## सनातन धर्म महासभा ने दी मासूम को श्रद्धांजलि

**दुर्ग।** सनातन धर्म महासभा के छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक के निर्देशानुसार पूरे छत्तीसगढ़ में दुर्ग में हुई 6 साल की मासूम बच्ची के साथ हुए अनाचार से मृत बच्ची को श्रध्दांजलि दी गई।

चंडी मंदिर में सनातन धर्म महासभा के जिला अध्यक्ष दिनेश पुरोहित, शहर अध्यक्ष राकेश महोबिया, जिला अध्यक्ष महिला अनोखी शर्मा, रीता पांडे के नेतृत्व में महासभा ने दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। केश को फास्ट कोर्ट में निर्णय लेने का



मांग की है और दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की हैं।

## कोसरिया समाज ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**दुर्ग।** दुर्गा राज कोसरिया पटेल समाज दुर्ग के द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारी का शपथ ग्रहण एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों पार्षद, पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्यों का सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल, विशेषअतिथि उपाध्यक्ष खेलू पटेल, अध्यक्षता गया प्रसाद पटेल, विशेष अतिथि जिला अध्यक्ष आत्माराम पटेल, प्रदेश महामंत्री दुलेश



पटेल, धमधा राज अध्यक्ष दीनू पटेल, रमेश पटेल, लक्ष्मी नारायण पटेल, विनोद पटेल, विनोद पटेल उपस्थित हुए। अतिथियों द्वारा समाज के लोगों का राजनीति में अधिक से अधिक हिस्सा लेना व समाज विकास की ओर ले जाने की बात रखी गई। इस अवसर पर समाज के मनोहर पटेल, मोहन पटेल, विजयंत पटेल, बजरंग पटेल, हरिश्चंद्र पटेल, भारत पटेल, कीर्तन पटेल, राजू पटेल, भोलू पटेल, प्रवीण पटेल, प्रहलाद पटेल, पन्ना पटेल, हेमंत पटेल, जीत पटेल, बृजलाल पटेल, भानु पटेल, श्याम पटेल उपस्थित थे।



## बीएसपी एक्सपांशन प्रोजेक्ट का फंड इस्को में सेल कर रहा निवेश


# बीएसपी से मेगा प्रोजेक्ट छिना, अब इस्को बर्नपुर में बनेगा मेगा यूनिवर्सल रेल मिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

*सेल के ध्वजवाहक प्लांट भिलाई इस्पात संयंत्र में बहुप्रस्तावित भव्य यूआएम ( यूनिवर्सल रेल मिल -2 ) निर्माण की बड़ी योजना ठंडे बस्ते में चली गयी है। भारतीय रेलवे की रेल पटरियों की अधिकांश मांग को पूरा करने वाली यह मेगा रेल मिल सेल के इस्को स्टील प्लांट बर्नपुर में स्थानांतरित किए जाने की खबर है। इसके निर्माण के लिए सेल प्रबंधन द्वारा भिलाई से कुछ अनुभवी अधिकारियों का तबादला भी बर्नपुर किया गया है।*

उल्लेखनीय है कि सेल ( स्टील अथारिटी आफ इंडिया लि.) द्वारा पैंसठ साल पुराने भिलाई इस्पात संयंत्र का एक्सपांशन प्रोजेक्ट -2 का निर्माण शुरु किया जाना है। इसके पूर्ण हो जाने से बीएसपी का करीबन 75 प्रतिशत विस्तार व आधुनिकीकरण हो जाएगा। विलंब से चल रहे यह रहे इस बहुप्रतीक्षित करोड़ों के प्रोजेक्ट के तहत भव्य यूआरएम-2 के साथ ब्लास्ट फर्नेस -9, एसएमएस -4( स्टील मेलल्टिंग शांप), बेटरी नंबर -12 सहित आधा दर्जन नई मिलों का निर्माण होना है। यूनियन सूत्रों के मुताबिक इस प्रोजेक्ट में सबसे अहम मिल नई यूनिवर्सल रेल मिल है। क्योंकि पिछले एक्सपांशन प्रोजेक्ट के तहत 2018 में उदघाटित पुरानी रेल मिल के अलावा नई यूआरएम उच्च क्षमता की होने के बाद भी भारतीय रेलवे की अपेक्षित डिमांड को पूरी नहीं कर पा रही है। इसका खामियाजा सेल को भुगतना पड़ रहा है। निजी कंपनी कुछ आर्डर हथिया रही है। इसे देखते हुए सेल प्रबंधन द्वारा भिलाई में पूर्व में प्रस्तावित यूआरएम -2 को इस्को बर्नपुर में स्थानांतरित कर जल्द निर्माण किए जाने के लिए हरी झंडी दे दी गई है। यहां के एक्सपांशन प्रोजेक्ट का सेल का करोड़ों का फंड बर्नपुर में निवेश करने के बाद निर्माण कार्य भी शुरु हो गया है। हालांकि आधिकारिकारिक सूत्रों मुताबिक बर्नपुर सिर्फ भिलाई के प्रस्तावित बजट को निवेश किया गया है, ब्लास्ट फर्नेस, एसएमएस आदि नई मिलों का प्रोजेक्ट यहां बेमुद्दत काल के लिए होल्ड पर रखा गया है।

### बीएसपी का विस्तारीकरण प्रोजेक्ट बेमुद्दत कॉल के लिए होल्ड





### पिछला प्रोजेक्ट भी डिले

बीएसपी में वर्ष 2010 में शुरु हुआ पिछला एक्सपांशन प्रोजेक्ट भी काफी विलंब से वर्ष 2018 में पूर्ण हुआ था। इस प्रोजेक्ट में पुरानी रेल मिल के अलावा अत्याधुनिक यूआरएम, ब्लास्ट फर्नेस -8, बीबीएम आदि नई मिलों का निर्माण होने से बीएसपी का उत्पादन 5 से 7 मिलियन टन का लक्ष्य अजीव हुआ । लेकिन अब आगामी नया एक्सपांशन प्रोजेक्ट फिर पिछल तीन साल से डिले है। इस दौरान यहां मेन पावर तेजी से कम हो रहा है और नई भर्तियां नगण्य हैं। अनुभवी टेक्नोक्रेड और टेक्निशियन रिटाटर होते जा रहे हैं।

### रेलवे की अपेक्षित मांग होगी पूरी

बीएसपी में यूआरएम का निर्माण होने से चौतरफा लाभ होता। यूनियनों के मुताबिक एक तो रेलवे की रिकार्ड सबसे लंबी पांतों सहित हर प्रकार की पटरियों का मांग पूर्ण हो जाती। फिर उत्पादन बढ़ने से इसका लाभ बीएसपी सहित कर्मियों को भी होता। यहां मेन पावर की नई भर्ती होती। विदित हो कि पिछले लंबे समय से बीएसपी रेलवे के विस्तार( नई लाइनें, नैरो को ब्राड गैज परिवर्तन, कारीडोर आदि निर्माण) के तहत आर्डर को पूरी तरह मुकम्मल नहीं कर पा रहा है। सेल यहां नई यूआरएम इसिलिए मंजूरी दी गई थी। बर्नपुर में यूआरएम के निर्माण को देखते हुए सेल ने बीएसपी से अनुभवी महाप्रबंधक कमलाकर सहित कुछ लोगों का बर्नपुरा तबादला भी पूर्व में किया है।

## विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय शामिल हुए हनुमान जयंती समारोह में



**भिलाई।** विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय शहर में आयोजित अलग-अलग हनुमान जयंती समारोह में शामिल हुए। वे सेक्टर-5 सेंट्रल एवेन्यू स्ट्रीट नंबर 39 स्थित हनुमान मंदिर, सेक्टर-4 मंदिर, सेक्टर-9 हनुमान मंदिर में दर्शन को पहुंचे। इस दौरान वे भंडारा कार्यक्रम में भी शामिल हुए। रात के वे खुर्सीपार स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित महाआरती में शामिल हुए। जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद गंगा आरती की तर्ज पर हनुमान जी की आरती की गई। इस अवसर पर नृत्य नाटिका की भी प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर श्रीवास, रिंकू साहू, शिव प्रकाश शीबू, ईश्वरी नेताम सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। पांडेय ने कहा कि हनुमान जैसी भक्ति दुनिया में देखने को नहीं मिली। उन्होंने भगवान राम की ऐसी भक्ति की, जो आज भी सनातन धर्म के लिए एक आदर्श है। उन्होंने शहरवासियों को हनुमान जयंती की बधाई दी।

## बीएसपी में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस और अम्बेडकर जयंती कल

**भिलाई।** बीएसपी में 14 अप्रैल को अग्निशमन वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करने राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस तथा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण करने अम्बेडकर जयंती का आयोजन किया जाता है। बीएसपी के अग्निशमन केन्द्र परिसर में 14 अप्रेल को सुबह 9 बजे से राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता हैं।। व जवानों की परेड की सलामी लेंगे और निष्ठा और समर्पण से कार्य करने की शपथ ल दिलाएंगे। इसके अलावा सेक्टर-6 स्थित बीएसपी हायर सेकेण्डरी स्कूल में सुबह 9 बजे बाबा साहब अंबेडकर जयंती का मुख्य कार्यक्रम कलामंदिर सभागार में सम्पन्न होगा।

## स्वास्थ्य शिविर में 16 लोगों को मिली दवा



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर के अंतर्गत दुल्की माइन्स के समीपस्थ ग्राम कमकासुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 16 लोगों की जांच करके उनको दवाई का वितरण किया गया। सामान्य जांच के अतिरिक्त शुगर, बीपी आदि की निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई।

## आखिरी दिन मांग के 294 और शिकायत के 43 आवेदन मिले



**भिलाई।** भिलाई-चरोदा निगम द्वारा सुशासन तिहार शिविरों का आयोजन किया गया। 8 से 11 अप्रैल तक 4 दिन निगम कार्यालय के अलावा अन्य 3 स्थानों पर भी यह शिविर आयोजित किया गया। बाजार चौक भिलाई-3, बाजार चौक चरोदा बस्ती वार्ड 21 एवं सामुदायिक भवन सामनी वार्ड-38 में समाधान पेटी के साथ निगम के कर्मचारी सुबह 10 बजे से लेकर 5 बजे तक मौजूद रहे। इन आवेदनों में सभी प्रकार के विषय शामिल है। जिन पर अगले एक माह के अवधि में समाधान निराकरण करने की नियमानुसार कार्यवाही निगम प्रशासन द्वारा की जाएगी। निगम आयुक्त डी एस राजपूत के द्वारा प्राप्त आवेदनों को शासन द्वारा निर्धारित पोर्टल में इंद्राज करने निर्देश प्रदान किये है। भिलाई-चरोदा निगम को 8 अप्रैल को आवेदनों की संख्या 81 रही। जिसमें मांग के 56 और शिकायत के 25 आवेदन मिले है। 9 अप्रैल को शिविर के दूसरे दिन मांग के 82, शिकायत 22 आवेदन, तीसरे दिन मांग के 89 और शिकायत के 21 आवेदन मिले है। शिविर के आखिरी




## पाठक सूचना

**हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई**

**9300663610, 7489348301**







